# 105 हितग्राहियों को खुली लाटरी पद्वति के माध्यम से आवास आबंटन किया गया

भिलाईनगर। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में महत्वूपर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना संचालित है। जिसके तहत मकान हीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान दिये जाने का प्रावधान है। इसी के तहत आज नगर निगम भिलाई में 105 हितग्राहियो को उनकी पात्रता के अनुसार मकान का आबंटन लाटरी निकालकर किया गया। जो हितग्राही मकान का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किए थे, उनही हितग्राहियो को सबके बीच नाम से बुलाकर लाटरी में पर्ची उनके हाथो से निकलवाया गया। जिसके हाथ में जो मकान नबंर पर्ची में लिखा था, उसे आबंटन कर दिया गया। शुरू से अब तक नगर निगम भिलाई में प्रधानमंत्री आवास के लिए कुल 4600 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें से पात्र 2020 हितग्राहियों को मकान आबंटन किया जा चुका है। इसमें से 3709 हितग्राहियों को मकान आबंटन किया जाना शेष है। उक्त मकान निर्माण की प्रक्रिया में है। आज 105 हितग्राहियो को मकान आबंटित किया गया। प्रमुख स्थल अविनाश मेट्रोपालिश के 2 मकान, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया के 1 मकान, आम्रपाली वनांचल सिटी हाउसिंग बोर्ड के 2 मकान, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया के 11 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया के 61 मकान एवं एनार स्टेट खम्हरिया के 28 मकान आबंटित किए। जिसमें 17 दिव्यांगजनो को भूतल के मकान एवं 88 सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को मकान आबंटन किया गया। खुली लाटरी पद्वति में प्रमुख रूप से वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। विधायक ने बताया कि प्रधानमंत्री जी की सोच है कि सभी नागरिको के सर पर छत होवे। उन्हे सस्ते एवं अच्छे मकान उपलब्ध कराया जावे। इसी के अंतर्गत आप सबको पारदर्शिता के साथ मकान आबंटित किया जा रहा है। महापौर पाल ने बताया कि हर व्यक्ति का सपना होता है, कि उसका स्वयं का मकान हो, जिसमें एक साथ एक ही छत के नीचे पुरा परिवार निवास करे। उन सभी परिवारों के सपने सरकार पुरी कर रही है। आयुक्त ने सभी नागरिको से अपील किए है कि निगम भिलाई में आवास हेतु आवेदन मिल रहा है, उसे भरे, मांगे गए दस्तावेज संलग्न करे और सूची में नाम आते ही लाटरी में भाग लेकर अपना स्वयं का मकान प्राप्त करें। लाटरी आबंटन के दौरान सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, एमआईसी सदस्य साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गंवई, कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, थैलेश्वर जोशी, जी मोहन राव, जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी आदि उपस्थित रहे।

